96

महबूबा मुफ्ती बोली, अमन कायम करना बड़ी चुनौती, अवाम आपसी भाईचारा बनाए रखे

जम्मू व कश्मीर के लोगों में कम हो दरार

* सीएम ने जम्मू में मल्टीटियर पार्किंग का नींव पत्थर रखा

राज्य ब्यूरो, जम्मू : मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि अमन कायम करना बड़ी चुनौती है। कश्मीर में गोली, हड़ताल की कोशिश रहती है। जब सांप्रदायिक तनाव पैदा होता है तो उस समय कोई हथियार काम नहीं करता। कुछ राष्ट्र विरोधी तत्व हर धर्म में शामिल हैं, जिनकी कोशिश होती है कि फसाद करवाया जाए। पुराने शहर के सुपर बाजार के नजदीक मल्टीटियर पार्किंग का नींव पत्थर रखने के बाद महबूबा ने कहा कि जम्मू धर्मनिरपेक्ष है। जम्मू के लोगों ने कई साल पहले आरएसपुरा से मुफ्ती मुहम्मद सईद को जितवाया था। कश्मीर में जब हालात खराब हुए तो जम्मू ने पंडितों, मुसलमानों को सहारा दिया। मुफ्ती साहिब का ख्वाब था कि जम्मू व कश्मीर के लोगों के बीच दरार को भरकर मेलमिलाप बढ़ाया जाए। हमें उनके सपने को साकार करना है। जम्मू-कश्मीर खुशहाल राज्य बने, हमें काम करना होगा। 1947 के घाव के बाद हमारे नेता कहते थे कि जम्मू-कश्मीर को शो केस विंडो बनाएंगे। महबूबा ने कहा कि वाघा की तर्ज पर सुचेतगढ़ में परेड तो शुरू की ही जा सकती है। इस मुद्दे को केंद्र के पास उठाया जाएगा। होगा।

जम्मू में मल्टीटियर पार्किंग का नींव पत्थर रखने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करतीं महबूबा मुफ्ती। जागरण

मुबारक मंडी का गेट पहले तैयार हो

हमें खुद अपनी विरासत के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। अगर मुबारक मंडी राजस्थान, महाराष्ट्र में होती तो इसका बेहतर तरीके से संरक्षण किया गया होता। मुबारक मंडी खूबसूरत जगह है। मैंने डिवीजनल कमिश्नर से कहा है कि मुबारक मंडी का गेट पहले तैयार किया जाए। वहां पार्क हो रहे वाहनों के लिए वैकल्पिक जगह देखी जाए। जम्मू को हर भरा करने के लिए पौधे लगाए जाएं। अगर हम एक पेड़ काटते हैं तो दो लगाएं।

विरासत समेटे है जम्मू शहर : निर्मल

जम्मू : उपमुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि जम्मू शहर विरासत को समेटे हुए है। राज्य सरकार जम्मू को पर्यटनस्थल के रूप में विकसित करने को वचनबद्ध है। तवी नदी के किनारों को साबरमती की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसका काम जल्द शुरू होगा। पार्किंग का काम एक साल में पूरा हो जाए, इस पर सरकार की नजर रखेगी। इससे पहले स्वागत भाषण में ईरा के सीईओ विनोद शर्मा ने कहा कि मल्टीटियर पार्किंग को एडीबी फंड से बनाया जा रहा है। जम्मू में अपनी तरह की यह पहली ऑटोमेटिक मैकेनाइज्ड पार्किंग होगी और राज्य की यह दूसरी पार्किंग है। ऐसी पार्किंग श्रीनगर में बनाई जा रही है। इसे चेन्नई की कंपनी सीसीएल बना रही है। धन्यवाद प्रस्ताव डिप्टी कमिश्नर सिमरनदीप सिंह ने पेश किया। शिक्षा राज्य मंत्री प्रिया सेठी, आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री आसिया नक्काश विधायक राजेश गुप्ता उपस्थित थे। रघुनाथ बाजार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री डा. निर्मल सिंह व अन्य मंत्रियों को फूलों के गुलदस्ते भेंट किए व शाल भेंट कर सम्मानित किया।

एक वर्ष में काम होगा पूरा

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि मुझे ईरा के सीईओ विनोद शर्मा ने आश्वासन दिया है कि पार्किंग का काम एक वर्ष में पूरा हो जाएगा। आप गवाह हैं कि यह निर्माण एक वर्ष में पूरा किया जाए। मैंने कुछ दिनों से रिबन काटने का काम शुरू किया है। ऊधमपुर व अखनूर में विकास प्रोजेक्टों का जिक्र करते हुए महबूबा ने कहा कि इनमें मेरी कोई भूमिका नहीं है। यह काम पहले से हुए थे। इसका श्रेय स्वर्गीय मुफ्ती साहिब के अलावा उप मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों को जाता है। अभी भी लोग वर्ष 2002 के दिनों को याद करते हैं। स्व. मुफ्ती मोहम्मद सईद ने राज्य के तीनों क्षेत्रों के बराबर विकास के लिए काम किया।

जम्मू मेरे घर जैसा है

मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू मेरे घर जैसा है। मैंने महिला कॉलेज परेड में पढ़ाई की है। कॉलेज के दिन हमेशा याद रहते है। मैंने यहां पर अच्छे दिन गुजारे है। जब हम कॉलेज पढ़ते है तो श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा पर जाते थे। जम्मू के पुराने शहर पक्का डंगा, कच्ची छावनी, रघुनाथ बाजार बहुत घूमा है। जितना मुझे जम्मू के पुराने बाजारों के बारे में पता है शायद उतना श्रीनगर के डाउन टाउन के बारे में पता नहीं है।

DAINIK JAGRAN
1/5/16